भारत सरकार
Government of India
रक्षा मंत्रालय
Ministry of Defence
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ)
Defence Research & Development Organisation (DRDO)
प्रमाण तथा प्रायोगिक स्थापना (पीएक्सई)
Proof & Experimental Establishment (PXE)
चांदीपुर, बालासोर- 756025, ओडिशा
Chandipur, Balasore- 756025, Odisha
ईमेल/**Email: training.pxe@gov.in, director.pxe@gov.in**

विज्ञापन सं०/**Advt. No.** : **PXE/HRD/RF/01/2026**

अनुसंधान सहयोगी (RA) एवं कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता(JRF) के पदों हेतु विज्ञापन
ADVERTISEMENT FOR THE POSITION OF RESEARCH ASSOCIATE (RA) AND JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF).

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ), रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख प्रतिष्ठान **प्रमाण तथा प्रायोगिक स्थापना (पीएक्सई), चांदीपुर**, आयुध प्रणालियों के गतिशील परीक्षण एवं मूल्यांकन के कार्य में संलग्न है। यह संस्थान रक्षा अनुप्रयोगों के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान करने की अभिरुचि रखने वाले युवा और मेधावी भारतीय नागरिकों से ऑफ़लाइन आवेदन पत्र निम्नलिखित श्रेणियों के पदों के लिए निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन का प्रारुप संलग्नक–क (**Annexure-A**) में दिया गया है।

Proof & Experimental Establishment (PXE), Chandipur a premier Establishment under Defence Research and Development Organisation (DRDO), Ministry of Defence, is engaged in dynamic test and evaluation of armament systems; invites offline application from young & meritorious Indian nationals, who are having inclination towards research in cutting edge technology for defence applications.

Applications are invited in the prescribed format attached as **Annexure-A** for the following categories

क्र० सं० / Sl. No.	फेलोशिप श्रेणी/ Fellowship	फेलोशिप की सं./ No. of Fellowship	शैक्षिक योग्यता / Educational Qualification(s)	अधिकतम आयु सीमा/ Upper Age Limit
1.	अनुसंधान सहयोगी (आरए) / Research Associate (RA)	01	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में पीएचडी तथा रेडियो आवृत्ति (आरएफ) / सूक्ष्म तरंग / रडार अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य का अनुभव। **अथवा** i) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में प्रथम श्रेणी में अभियंत्रण स्नातकोत्तर(एम. ई.) / प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम० टेक०) ii) रेडियो आवृत्ति (आरएफ) एवं सूक्ष्म तरंग, रडार क्रॉस सेक्शन सिमुलेशन एवं मापन के क्षेत्र में 3 वर्ष का अनुसंधान एवं विकास का अनुभव । iii) सांइस साइटेशन इंडेक्स (एससीआई) शोध पत्रिका में कम से कम एक शोध पत्र प्रकाशित होने चाहिए । PhD in Electronics & Communication Engg. having research work in the area of RF/ Microwave/ Radar Engg. **OR** i) First Class M.E./M.Tech in Electronics & Communication Engg. ii) Having 3 years R&D experience in the area of RF & Microwave, Radar Cross Section Simulation and Measurements. iii) At least one research paper in Science Citation Index (SCI) journal.	35 वर्ष /Years
2.	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) / Junior Research Fellow (JRF)	03	इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ई सी) में प्रथम श्रेणी से अभियंत्रण स्नातक (बी० ई)/ प्रौद्योगिकी स्नातक (बी० टेक) तथा वर्ष 2024, 2025 या 2026 में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ई सी) विषय में वैध गेट परीक्षा का अंक **अथवा** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी में अभियंत्रण स्नातकोत्तर(एम. ई.) / प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम. टेक.) तथा स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी।	28 वर्ष /Years

			First Class B.E./B.Tech. in Electronics & Communication Engg. (EC) with valid GATE Score in EC in the year 2024, 2025 or 2026 **OR** M.E./M.Tech. in Electronics & Communication Engg. & First division both at Graduate and Post Graduate level.	
3.	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) / Junior Research Fellow (JRF)	01	वैमानिकी अभियांत्रिकी (ए ई) / यांत्रिक अभियांत्रिकी (एम ई) में प्रथम श्रेणी से अभियंत्रण स्नातक (बी०ई) / प्रौद्योगिकी स्नातक (बी० टेक) तथा वर्ष 2024, 2025 या 2026 में वैमानिकी अभियांत्रिकी (ए ई) / यांत्रिक अभियांत्रिकी (एम ई) विषय में वैध गेट परीक्षा का अंक **अथवा** वैमानिकी अभियांत्रिकी / यांत्रिक अभियांत्रिकी में अभियंत्रण स्नातकोत्तर (एम. ई.) / प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम. टेक.) तथा स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी। First Class B.E./B.Tech. in Aerospace Engg. (AE)/ Mechanical Engg. (ME) with valid GATE Score in AE/ME in the year 2024,2025 or 2026 **OR** M.E./M.Tech in Aerospace Engg. / Mechanical Engg. & First division both at Graduate and Post Graduate level.	28 वर्ष /Years
4.	कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) / Junior Research Fellow (JRF)	01	कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (सी एस) में प्रथम श्रेणी से अभियंत्रण स्नातक(बी०ई)/ प्रौद्योगिकी स्नातक (बी०टेक) तथा वर्ष 2024, 2025 या 2026 में कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (सी एस) विषय में वैध गेट परीक्षा का अंक **अथवा** कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में अभियंत्रण स्नातकोत्तर (एम. ई.) / प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम. टेक.) तथा स्नातक और स्नातकोत्तर दोनों स्तरों पर प्रथम श्रेणी। First Class B.E./B.Tech. in Computer Sc. Engg.. (CS) with valid GATE Score in CS in the year 2024, 2025 or 2026 **OR** M.E./M.Tech. in Computer Science Engg. & First division both at Graduate and Post Graduate level.	28 वर्ष /Years

सामान्य निर्देश / GENERAL INSTRUCTIONS

केवल वे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र होंगे, जिन्होंने विज्ञापन जारी होने की तिथि तक सभी आवश्यक शैक्षणिक योग्याताएँ प्राप्त कर ली हों तथा सबंधित उपाधि प्राप्त कर ली हो।

Candidates who have attained the essential qualifications and awarded degree on or before the date of advertisement are only eligible to apply.

1. आवेदनों की जांच करने के बाद, अनुसंधान कार्य के अनुभव की प्रासंगिकता के आधार पर चुने गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
   After scrutinizing the applications, based on the relevance of the research work experience, the short-listed candidates shall be called for interview.

2. चयन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
   Selection will be made on the basis of an interview held through video conferencing.

3. अनुसंधान सहयोगी (आरए) का पद केवल 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए अस्थाई आधार पर होगा।
   The tenure of Research Associate (RA) is for a period of 02 (two) years only on temporary basis.

4. कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) का पद प्रारंभ में 02 (दो) वर्षों की अवधि के लिए अस्थायी आधार पर होगा। अभ्यर्थी के कार्य निष्पादन के आधार पर इसे 01 (एक) वर्ष के लिए वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ) के पद में बदला जा सकता है। इसके बाद इस अवधि को वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता (एसआरएफ) के रूप में अगले 01 (एक) वर्ष तक और बढ़ाया जा सकता है।
   The tenure of Junior Research Fellow (JRF) is initially for a period of 02 (two) years on temporary basis. Based on the performance, it may be upgraded to Senior Research Fellow (SRF) for 01 (one) year and extendable to another 01 (one) year as Senior Research Fellow (SRF).

5. दिनांक 16 अक्टूबर 2026 को सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए अनुसंधान सहयोगी (आरए) पद हेतु अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष तथा कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) पद हेतु 28 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जाएगी।
   Age limit as on 16th Oct 2026 is 35 years for general candidates for the position of RA and 28 years for the position of JRF. Relaxation in age for SC/ST/OBC as per Govt. rules will be permissible.

6. सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त संस्थाओं में कार्यरत अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करते समय अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा।
   Candidates working in Govt. / Public sector undertaking / autonomous bodies should produce No Objection Certificate (NOC) at the time of joining.

7. कार्यभार ग्रहण करते समय अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता एवं जाति प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो) से संबंधित सभी मूल प्रमाण-पत्र, अंक-पत्र सत्यापन के लिए प्रस्तुत करने होंगे। साथ ही, इनकी छायाप्रतियाँ, आधार कार्ड की प्रति तथा हाल ही के दो पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। ऐसा न करने पर अभ्यर्थी का चयन रद्द कर दिया जाएगा।
   At the time of joining, candidates will be required to produce all the testimonials (certificates, marks sheet etc.) in original for verification related to education and community certificate (if applicable), submit photocopies of the same along with copy of Aadhaar card and two recent passport size photographs. Failing which the selection will get cancelled.

8. आगे की प्रक्रिया के संबंध में अभ्यर्थियों को ईमेल के माध्यम से सूचना दी जाएगी।
   Candidates will be informed through email about further process.

9. अभ्यर्थियों को भारत सरकार के मानदंडों (रक्षा मंत्रालय (वित्त / अनु॰ एवं विकास) के पत्र संख्या 01/आरडी/एचआरडी/89-90/751/डी (आर एंड डी) दिनांक 08 अगस्त 2023) के अनुसार प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाएगी । अनुसंधान सहायक (आरए) को 67,000/- प्रति माह तथा कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) को रु. 37,000/- प्रति माह छात्रवृत्ति दी जाएगी ।
   Candidates will be paid monthly stipend as per the GoI norms (Min. of Defence (Fin/R&D) letter No. 01/RD/HRD/89-90/751/D(R&D) dated 08th Aug 2023). Stipend for the Research Associate (RA) is Rs. 67,000/- per month and for Junior Research fellow (JRF) is Rs. 37,000/- per month.

10. साक्षात्कार / दस्तावेजों के सत्यापन / चयन के बाद कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता /दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
    No TA/DA will be paid for attending the interview/ document verification/ joining the duty on selection etc.

11. अनुसंधान सहयोगी /अनुसंधान अध्येता के रुप में चयनित होने से अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में स्थायी नियुक्ति या समायोजन का अधिकार नहीं मिलेगा, क्योंकि यह नियमित नौकरी नहीं है। इसके अलावा अनुसंधान सहयोगी /अनुसंधान अध्येता के रुप में की गई सेवा अवधि को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अथवा किसी अन्य सरकारी विभागों के किसी भी पद पर नियमित सेवा के रूप में नहीं जोड़ा जाएगा ।
    The offer of Research Associate/ Research Fellow does not under any circumstances confer on the candidates any right for absorption in DRDO, since this is not an employment, and the period of service rendered as Research Associate/ Research Fellow will not be counted in any post of DRDO/ other government departments.

12. कोई भी अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया में शामिल होने को अपना अधिकार नहीं मान सकता। प्रवेश पूरी तरह से प्रयोगशाला की चयन समिति के निर्णय पर निर्भर करेगा जो किसी भी अभ्यर्थी को बिना कोई कारण बताए प्रवेश देने से मना कर सकती है।

Admission for selection process shall not be claimed by any candidate as a matter of right. The admission shall be entirely at the discretion of the selection committee of the laboratory which may refuse to admit any candidate without assigning any reason thereof.

13. पीएक्सई, चांदीपुर के पास विज्ञापन में संशोधन या संक्षेप में रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है। उपरोक्त अधिसूचित फेलोशिप में वृद्धि या कमी होने की संभावना है। विज्ञापित संख्या के एवज में भरी जाने वाली रिक्ति की संख्या साक्षात्कार में उम्मीदवारों के प्रदर्शन और उपयुक्तता पर आधारित होगी। निदेशक, पीएक्सई के पास उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर पदों को न भरने का अधिकार सुरक्षित है।
    PXE, Chandipur reserves the right to amend/modify or summarily cancel the advertisement. The above notified fellowships are likely to be increased or decreased. The number of vacancy to be filled against the number advertised will be based on the performance and suitability of candidates in the interview. Director, PXE reserves the right not to fill the positions if suitable candidates are not available.

14. किसी भी संदेह या प्रश्न के मामले में, कृपया संपर्क करें: 06782-273165
    In case of any doubt & queries please contact to: 06782-273165

आवेदन प्रक्रियाएं
APPLICATION PROCEDURES

1. आवेदन पत्र रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) की वेबसाइट **https:// www.drdo.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी नई सूचना अथवा बदलाव के लिए समय –समय पर वेबसाइट देखते रहें।

Application form may be downloaded from the website https://www.drdo.gov.in and advised to monitor the website for any updates/ changes.

2. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र केवल टंकण करके भरना होगा। अधूरे अथवा हस्तलिखित आवेदन पत्र सीधे अस्वीकार कर दिये जाएंगे।

Candidates are required to fill up the application form by typing only. Incomplete/ handwritten application will be summarily rejected.

3. अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता, अनुभव आदि के दावे के संबंध में आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं संबंधित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होंगे।

Candidates are required to attach all the documents in support of their claim regarding educational qualifications & experiences etc.

4. पूर्ण और विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक द्वारा इस प्रतिष्ठान के निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए।

The completed and duly filled application form should be sent to this Establishment by Speed Post/ Regd. Post only, addressed to:

निदेशक / The Director,
प्रमाण तथा प्रायोगिक स्थापना (पीएक्सई), चांदीपुर,
Proof & Experimental Establishment (PXE),
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन,
Defence R&D Organisation,
डाकघर- चांदीपुर / PO- Chandipur,
जिला-बालासोर / Dist- Balasore,
ओडिशा / Odisha -756025
(विशेष ध्यानार्थ: प्रभारी अधिकारी, मानव संसाधन विकास प्रकोष्ठ (एचआरडीसी))
(Kind Attn.: OIC, HRDC)

5. आवेदक को लिफाफे पर स्पष्ट रुप से **"जेआरएफ / आरए पद हेतु आवेदन"** लिखना होगा।

The applicant should clearly mention **"Application for the position of JRF/RA"** on the envelope.

6. आवेदन पत्र 16 दिसंबर 2026 तक इस प्रतिष्ठान तक पहुंच जाने चाहिए।

Applications should reach to this Establishment by 16th December 2026.